çknf'kd lekpkj
fnukd&13-04-2026 ¼nksigj& 1455 cts½

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं अपने साहस से नई ऊंचाइयां छू रही हैं। पीएम ने घोषणा की कि 16 से 18 अप्रैल के बीच महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी में दशकों से हो रहे विलंब का अंत होगा।

वहीं, मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस अधिनियम को ऐतिहासिक और आत्मसम्मान बढ़ाने वाला कदम बताया।

****

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने राज्य के कोषागारों में हुई भारी वित्तीय अनियमितताओं पर कड़ा रुख अपनाया है। मंत्री ने घोषणा की है कि राज्य गठन यानी वर्ष 2000 से लेकर 2026 तक के सभी ट्रेजरी लेन–देन की गहन जांच की जाएगी। गढ़वा में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता के पैसे की एक–एक रुपये की रिकवरी की जाएगी।

****

सुप्रीम कोर्ट ने निलंबित आइएएस अधिकारी डीसी विनय चौबे को हजारीबाग सेवायत भूमि मामले में बड़ी राहत दी है। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने उन्हें सशर्त जमानत दे दी। कोर्ट ने जमानत देते हुए साफ किया है कि विनय चौबे देश नहीं छोड़ सकेंगे और गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे। हालांकि, मामले का ट्रायल और जांच की प्रक्रिया जारी रहेगी।

****

रांची में आयोजित माई भारत बजट क्वेस्ट के दूसरे दिन का उद्घाटन विधायक सीपी सिंह ने किया। इस समारोह में झारखंड और पश्चिम बंगाल के लगभग एक हजार युवाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि सीपी सिंह ने युवाओं को विकसित भारत 2047 के सपने को पूरा करने और एक भारत श्रेष्ठ भारत के विजन से जुड़ने का आह्वान किया।

राज्य निदेशक ललिता कुमारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता से युवा केंद्रीय बजट की बारीकियों को समझ रहे हैं।

****

पलामू के रामगढ़ थाना क्षेत्र में आज सुबह सशस्त्र अपराधियों ने प्रज्ञा केंद्र संचालिका से करीब तीन लाख रुपये और लैपटॉप लूट लिये। विरोध करने पर अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें महिला के पैर में दो गोलियां लगीं। हमले में उनके पति भी घायल हुए हैं। घायल दंपति का इलाज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

****

राजधानी रांची को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए आज नगर निगम ने भव्य जागरूकता रैली निकाली। स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के तहत यह रैली निगम कार्यालय से जयपाल सिंह स्टेडियम तक पहुंची। महापौर और नगर आयुक्त ने नागरिकों से शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने और कूड़ा हमेशा कचरा पात्र में ही डालने की पुरजोर अपील की।

****